पंजाब केसरी
THU,18 JUNE 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# 9वीं और 11वीं की कंपार्टमैंट परीक्षाएं 3 जुलाई को, स्कूल स्तर पर होंगे पेपर

धर्मशाला, 17 जून (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में कक्षा 9वीं और 11वीं के कंपार्टमैंट परीक्षार्थियों की परीक्षाएं आगामी 3 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

मार्च-2026 की वार्षिक परीक्षाओं में जिन नियमित विद्यार्थियों का परिणाम कंपार्टमैंट रहा है, उनके ये पेपर संबंधित विद्यालयों द्वारा आंतरिक रूप से अपने स्तर पर ही करवाए जाएंगे। दोनों कक्षाओं के लिए परीक्षा का समय दोपहर 12.45 बजे से शाम 4.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने सभी स्कूलों को नियमों के तहत परीक्षा का सफल संचालन सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों को तय समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के निर्देश दिए हैं। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र अपने स्कूल से संपर्क कर सकते हैं।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# 10वीं और 12वीं की अनुपूरक परीक्षाएं 3 जुलाई से : डा. राजेश शर्मा

## प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया शेड्यूल, विशेष अवसर वालों के लिए भी बड़ा मौका

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह



डा. राजेश शर्मा

धर्मशाला,17 जून : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए मैट्रिक और जमा दो की अनुपूरक परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि ये परीक्षाएं 3 जुलाई 2026 से शुरू होंगी। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा उन हजारों विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है जो पिछली परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए, अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं या किसी अपरिहार्य कारण से परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। सभी अनुपूरक परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र में सुबह 8.45 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की परीक्षाएं 3 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक चलेंगी, जबकि जमा दो (नियमित) श्रेणी की परीक्षाएं 3 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं में कम्पार्टमेंट, आवश्यक एवं वैकल्पिक सुधार, अतिरिक्त विषय, डिप्लोमा होल्डर री-अपीयर के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे।विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड ने जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## स्पैशल चांस और अनुपस्थित छात्रों के लिए विशेष निर्देश


बोर्ड ने विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों को भी सूचित किया है जिन्होंने किसी कारणवश पिछली परीक्षा छोड़ दी थी या 'स्पेशल चांस' के लिए आवेदन किया था। ऐसे सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आवेदन की स्थिति की पुष्टि कर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा दें।

Amar Ujala 18-06-2026

# डीएलएड में प्रवेश के लिए प्रदेश के 67 केंद्रों में हुआ कॉमन एंट्रेंस टेस्ट

## दो वर्षीय डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए हजारों अभ्यर्थी हुए शामिल

अमर उजाला ब्यूरो



गर्ल्स स्कूल धर्मशाला में डीएलएड की प्रवेश परीक्षा देते हुए अभ्यर्थी। अमर उजाला

**धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से बुधवार को दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (डीएलएड सीईटी-2026) का आयोजन किया गया। प्रदेशभर के 67 परीक्षा केंद्रों में यह परीक्षा हुई।

बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि डीएलएड सीईटी-2026 के लिए कुल 11,164 आवेदन प्राप्त हुए थे। आवेदनों की जांच प्रक्रिया के बाद 9,984 अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने के लिए पात्र पाया गया। पात्र अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड पूर्व में ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिए गए थे।

बुधवार को सुबह से ही प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली। अभ्यर्थी निर्धारित समय से पहले केंद्रों पर पहुंचे और पहचान पत्र और एडमिट कार्ड की जांच के बाद परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया।

परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा और अनुशासन के विशेष प्रबंध किए गए थे। बोर्ड सचिव ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी केंद्र अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब अभ्यर्थियों को परिणाम का इंतजार रहेगा।

Amar Ujala 18-06-2026

# होलिस्टिक प्रोग्राम सेकेंडरी स्टेज का कार्यक्रम शुरू

**विपिन चौधरी**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों के विकास के आकलन के लिए होलिस्टिक प्रोग्राम सेकेंडरी स्टेज कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। बोर्ड विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ कौशल, व्यवहार, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और सह-पाठयक्रम गतिविधियों की जानकारी भी एकत्र करेगा।

ऑनलाइन माध्यम से व्यापक डाटा एकत्र करने वाला हिमाचल शिक्षा बोर्ड देश का पहला बोर्ड बनेगा। योजना के तहत तैयार किए जाने वाले होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी जानकारी होगी,

## ऑनलाइन माध्यम से डाटा जुटाने वाले देश का पहला बोर्ड बनेगा हिमाचल शिक्षा बोर्ड

जिससे उनकी वास्तविक क्षमता और प्रगति का बेहतर मूल्यांकन किया जा सकेगा। बोर्ड ने इस योजना का पायलट प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

सकारात्मक परिणामों के बाद इसे प्रदेशभर में धरातल पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड से छात्रों की परीक्षा आधारित उपलब्धियों का ही नहीं, बल्कि उनकी रुचियों, रचनात्मकता, सामाजिक सहभागिता और जीवन कौशल का भी रिकॉर्ड तैयार होगा।

Divya HImachal 18-06-2026

# कंपार्टमेंट एग्जाम तीन जुलाई से

## नौवीं और 11वीं कक्षा के छात्रों को पास होने का एक और मौका



दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नौवीं और 11वीं कक्षा के उन नियमित विद्यार्थियों को राहत प्रदान की है, जिनका मार्च-2026 की वार्षिक परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों द्वारा कंपार्टमेंट घोषित किया गया था।

### विद्यार्थियों को राहत

खास बात यह है कि छात्रों को इसके लिए किसी अन्य परीक्षा केंद्र पर नहीं जाना होगा, बल्कि ये परीक्षाएं उनके अपने ही विद्यालय स्तर पर आंतरिक रूप से आयोजित की जाएंगी।

छात्रों का साल बचाने के लिए बोर्ड ने आगामी तीन जुलाई 2026 से कंपार्टमेंट परीक्षाएं आयोजित करने का ऐलान किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नौवीं और 11वीं दोनों कक्षाओं के कंपार्टमेंट विद्यार्थियों की परीक्षा एक ही दिन करवाई जाएगी। परीक्षा के लिए दोपहर का समय तय किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को अपराह्न 12:45 बजे से सायं 04:00 बजे तक का समय अपना प्रश्न-पत्र हल करने के लिए दिया जाएगा।

**सलाह** छात्रों को तय समय से पूर्व ही स्कूल पहुंचने की सलाह दी गई है। डा. शर्मा ने सभी संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों को परीक्षा संचालन के दौरान सभी आवश्यक नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। परीक्षा प्रक्रिया या अन्य किसी भी विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी सीधे अपने स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं।

Divya HImachal
18-06-2026

# नौवीं और 11वीं के कंपार्टमेंट छात्रों को एक और मौका

**संवाद सहयोगी, जागरण • धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नौवीं और 11वीं कक्षा के उन विद्यार्थियों को राहत दी है, जिनका मार्च 2026 की वार्षिक परीक्षा में परिणाम कंपार्टमेंट घोषित हुआ था। विद्यार्थियों का शैक्षणिक वर्ष बचाने के उद्देश्य से बोर्ड ने 3 जुलाई को कंपार्टमेंट परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि विशेष बात यह है कि विद्यार्थियों को किसी बाहरी परीक्षा केंद्र पर नहीं जाना होगा, बल्कि परीक्षाएं संबंधित विद्यालयों में ही आंतरिक रूप से आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय दोपहर 12:45 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया है। विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय पहुंचने और परीक्षा संबंधी सभी निर्देशों का पालन करने को कहा है। बोर्ड ने सभी विद्यालयों को परीक्षा का आयोजन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कराने के निर्देश दिए हैं ताकि बच्चों को लाभ मिल सके।

Amar Ujala 18-06-2026

# 9वीं और 11वीं कक्षा की कंपार्टमेंट परीक्षाएं 1 जुलाई से

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मार्च-2026 में आयोजित कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं में जिन नियमित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों द्वारा कंपार्टमेंट घोषित किया गया है। उनकी कंपार्टमेंट परीक्षा विद्यालय स्तर पर आंतरिक रूप से आयोजित की जाएगी। कक्षा 9वीं और 11वीं के कंपार्टमेंट विद्यार्थियों की परीक्षाएं 3 जुलाई को होंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा का समय दोपहर बाद 12:45 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। ब्यूरो

Anant Gyan 18-06-2026

# 9वीं व 11वीं के छात्रों को पास होने का एक और मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 9वीं और 11वीं कक्षा के उन नियमित विद्यार्थियों को राहत प्रदान की है, जिनका मार्च 2026 की वार्षिक परीक्षाओं में परिणाम संबंधित विद्यालयों द्वारा 'कंपार्टमेंट' घोषित किया गया था। छात्रों का वर्ष बचाने के लिए बोर्ड ने 3 जुलाई को कंपार्टमेंट परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि यह परीक्षा विद्यार्थियों के अपने-अपने विद्यालय स्तर पर ही आयोजित की जाएगी, जिससे उन्हें किसी अन्य केंद्र पर नहीं जाना पड़ेगा। परीक्षा का समय दोपहर 12:45 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 9वीं और 11वीं दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक ही दिन करवाई जाएंगी।

# हिमाचल बोर्ड ने 9वीं और 11वीं के छात्रों को पास होने का एक और मौका दिया

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 9वीं और 11वीं कक्षा के उन नियमित विद्यार्थियों को राहत प्रदान की है, जिनका मार्च-2026 की वार्षिक परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों द्वारा कंपार्टमेंट घोषित किया गया था। छात्रों का साल बचाने के लिए बोर्ड ने आगामी 03 जुलाई 2026 को कंपार्टमेंट परीक्षाएं आयोजित करने का ऐलान किया है। खास बात यह है कि छात्रों को इसके लिए किसी अन्य परीक्षा केंद्र पर नहीं जाना होगा, बल्कि ये परीक्षाएं उनके अपने ही विद्यालय स्तर पर आंतरिक रूप से आयोजित की जाएंगी। दोपहर की पाली में होगा परीक्षाओं का संचालन, बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 9वीं और 11वीं दोनों कक्षाओं के कंपार्टमेंट विद्यार्थियों की परीक्षा एक ही दिन करवाई जाएगी। परीक्षा के लिए दोपहर का समय तय किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को अपराह्न 12:45 बजे से सायं 04:00 बजे तक का समय अपना प्रश्न-पत्र हल करने के लिए दिया जाएगा। छात्रों को तय समय से पूर्व ही स्कूल पहुंचने की सलाह दी गई है। डॉ. शर्मा ने सभी संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि वे बोर्ड द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही परीक्षा का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, स्कूलों को परीक्षा संचालन के दौरान सभी आवश्यक नियमों और दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से भी आग्रह किया है कि वे इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं और निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। परीक्षा प्रक्रिया या अन्य किसी भी विस्तृत जानकारी के लिए विद्यार्थी सीधे अपने स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर सकते हैं।

# मैट्रिक एवं जमा दो अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई से, विशेष अवसर प्राप्त अभ्यर्थियों को भी किया गया सूचित

**दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मैट्रिक एवं जमा दो (नियमित) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए कंपार्टमेंट, Essential Improvement, Optional Improvement, Special Chance, Additional Subject, Diploma Holder Re-appear तथा अन्य अनुमत श्रेणियों की अनुपूरक परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र (08:45 बजे से 12:00 बजे तक) में आयोजित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि मैट्रिक (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं दिनांक 03 जुलाई 2026 से 10 जुलाई 2026 तक तथा जमा दो (नियमित) श्रेणी की अनुपूरक परीक्षाएं 03 जुलाई 2026 से 16 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से उन अभ्यर्थियों को भी सूचित किया है जिन्होंने किसी अपरिहार्य कारणवश पूर्व निर्धारित परीक्षा में भाग नहीं लिया था अथवा विशेष अवसर (Special Chance) के लिए बोर्ड को आवेदन प्रस्तुत किए थे। ऐसे अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अपने आवेदन की स्थिति की पुष्टि कर निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।उन्होंने बताया कि




राजेश शर्मा

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला एवं श्रेणीवार हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बोर्ड द्वारा परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) द्वारा 3 जुलाई 2026 से आयोजित होने जा रही यह अनुपूरक परीक्षाएं उन सैकड़ों छात्र-छात्राओं के लिए एक बेहद कीमती और निर्णायक अवसर है, जो किसी कारणवश मुख्य परीक्षा में सफल नहीं हो पाए थे या परीक्षा देने से चूक गए थे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा द्वारा समय रहते विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी करना और विशेष अवसर (Special Chance) वाले अभ्यर्थियों को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश देना यह साफ दर्शाता है।

The Sunny Times

# HPBOSE GIVES CLASS 9 AND 11 STUDENTS A LIFELINE WITH JULY 3 COMPARTMENT EXAMS



***Sunny Mahajan | Dharamshala***

In a major relief for thousands of high schoolers, the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) is giving Class 9 and Class 11 students a crucial second shot at saving their academic year. Students who flunked or received a 'compartment' result in their March 2026 annual exams now have one final chance to clear their papers on July 3, 2026.

In a student-friendly move, HPBOSE has completely eliminated the stress of traveling to unfamiliar testing hubs. Board President Dr. Rajesh Sharma announced that these compartment exams will be held internally, meaning students will sit for the test right inside their own familiar classrooms.

Both grades will clear their backlogs on the exact same day during a single afternoon session. The board has locked in the exam timing from 12:45 PM to 4:00 PM, giving students a solid three hours and fifteen minutes to ace their papers, though schools advise arriving well before the opening bell.

Dr. Sharma has issued a strict mandate to school heads across the state to synchronize their clocks and execute the exams flawlessly according to the official schedule. With the clock ticking down to July 3, education officials are urging students not to squander this ultimate safety net and to reach out to their school principals immediately for datesheets and syllabus details.